संख्या–1342/2–113(5)/रा0यो0आ0/16–17 देहरादून दिनांक ~~अगस्त~~ 02, सितम्बर 2019

निविदा/विज्ञप्ति

राज्य योजना आयोग, कार्यालय हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त फोटो स्टेट मशीन टोनर/कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज व कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों आदि की आपूर्ति हेतु व्यापार कर विभाग में पंजीकृत स्थानीय फर्मों से निविदा निम्न प्रतिबंधों के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है:–

1– निविदा मुहर सील बंद लिफाफे में दिनाक 25/9/2019 के अपरान्ह् 2.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा इसी तिथि को सांय 2.30 बजे निविदायें समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सायं खोली जायेंगी। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

2– प्रिन्टर कार्टेज तथा फोटो स्टेट मशीन की कार्टेज आदि सामग्री अधिकृत फर्म के ही मान्य होगें, जिसका अधिकार पत्र फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। जिस फर्म की निविदा दरें न्यूनतम पायी जायेगी उस फर्म को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध करायी जानी आवश्यक होगी।

3– इच्छुक निविदादाताओं से फोटो स्टेट मशीन टोनर/कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज एव सहायक उपकरणों आदि के लिए रू0 10,000/–(रू0–दस हजार मात्र) की धनराशि का एफ0डी0आर0 जमानत के रूप में जो आहरण वितरण अधिकारी (डी0डी0ओ0), राज्य योजना आयोग (नियोजन विभाग) के नाम से बंधक हो बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

4– निविदा के नियम एवं शर्तें तथा क्रय की जाने वाली फोटो स्टेट मशीन कार्टेज, प्रिन्टर कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज एवं कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों आदि का विवरण निविदा प्रकाशित होने की तिथि से राज्य योजना आयोग, योजना भवन, (विश्वकर्मा भवन), कमरा नं0–413 सचिवालय परिसर, देहरादून से टोनर/कार्टेजो का निविदा पत्र रू0–250.00 (रू0 दो सौ पच्चास मात्र) जी0एस0टी0 सहित नकद भुगतान करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

5– चयनित फर्म द्वारा निविदा में अंकित दरों पर ही फोटो स्टेट मशीन टोनर/कार्टेज, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज, फैक्स मशीन कार्टेज एवं कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों आदि की आपूर्ति सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये की जानी आवश्यक होगी।

6– निविदा समिति को सामग्री की गुणावगुण के आधार पर दरों का परीक्षण करते हुये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

7– उक्त विज्ञापन राज्य योजना आयोग की वैबसाईड WWW. sPc. Uk. Gov. in पर भी उपलब्ध है।

अपर सचिव,
राज्य योजना आयोग,
योजना भवन,(विश्वकर्मा भवन),
चतुर्थ तल, कमरा नं0
दूरभाष– 0135–2710868